जे बी अकादमी अयोध्या

मूल्याँकन पत्रक 2025

विषय- हिन्दी, संस्कृत कक्षा- सात

समय: दो घण्टे पूर्णांक- 50

नाम- अनुक्रमांक -

हस्ताक्षर :

- सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।
- स्वच्छता एवं वर्तनी शुद्धि का ध्यान रखें।

**व्याकरण खण्ड**

खंड 'क'

**प्रश्न1- निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नो के उत्तर सही विकल्प छाँटकर दीजिये - 5**

बचपन में बालक अबोध होता है। उसे अच्छे-बुरे की पहचान नहीं होती उसका मन शीशे की तरह स्वच्छ होता है। दूसरे की संगति में उनके कार्यों का अनुकरण करता है। यदि वह अच्छी संगति में रहता है तो उस पर अच्छे संस्कार पड़ते जाते हैं और यदि उसकी संगति बुरी है तो उसकी आदतें भी बुरी हो जाती हैं। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम निरंतर अच्छे चरित्रवान एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों की संगति में रहें। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि कुसंगति का प्रभाव अधिक तीव्रता के साथ होता है। झूठे और स्वार्थी व्यक्ति दूसरों पर अपना दुष्प्रभाव डालने का भरसक प्रयास करते हैं। हमें इनसे दूर रहना चाहिए। उन लोगों का साथ सदैव कष्टदायक सिद्ध होता है। सत्संगति से दुष्ट स्वभाव का व्यक्ति भी सुधर जाता है। महात्मा बुद्ध की संगति में आकर दुष्ट अँगुलिमाल ने नरहत्या को त्याग दिया था। इसी प्रकार डाकू वाल्मीकि का उद्धार भी सत्संगति के कारण ही हुआ। बाद में महान कवि बने और 'रामायण' जैसे महान ग्रंथ की रचना कर सके।

प्रश्न- (i) बचपन में बालक का मन कैसा होता है?

(क) अबोध (ख) निश्छल (ग) शीशे की तरह स्वच्छ (घ) दिए गए सभी

(ii) हमें कैसे व्यक्तियों की संगति करनी चाहिए?

(क) चरित्रवान (ख) कर्तव्यनिष्ठ (ग) सज्जन (घ) ये सभी

(iii) हमें कैसे व्यक्तियों से दूर रहना चाहिए?

(क) दुर्जन (ख) सज्जन (ग) कर्मठ (घ) गुणी

(iv) 'रामायण' ग्रंथ की रचना किसने की थी?

(क) महादेवी (ख) वाल्मीकि (ग) रहीम (घ) कबीर

v- इस गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(क) हमें सदैव अच्छी संगति करनी चाहिए।

(ख) अच्छे-बुरे की पहचान नही करनी चाहिए।

(ग) दूसरों के कार्यों का अनुकरण करना चाहिए

(घ) झूठे और स्वार्थी लोगों को सुधारना चाहिए।

**प्रश्न 2- निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर दें : 4**

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।
नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है,
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।
डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा-जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

प्रश्न- i नौका पार लगाने के लिए क्या करना चाहिए?
(क) निरंतर प्रयत्न एवं साहस से कार्य करना चाहिए। (ख) लहरों से डरना चाहिए।
(ग) कभी-कभी कोशिश करते रहना चाहिए। (घ) ये सभी

ii-. चींटी कैसे मंजिल पार करती है?
(क) मन में विश्वास रखकर बार-बार फिसल कर। (ख) एक ही बार प्रयत्न करने पर।
(ग) दूसरों का सहारा पाकर (घ) धीरे-धीरे चढ़कर

iii-. गोताखोर सिंधु (सागर) में डुबकियाँ क्यों लगाते हैं?
(क) घूमने के लिए। (ख) मोती प्राप्त करने के लिए।
(ग) अपने रिकार्ड बनाने के लिए। (घ) आत्मसंतुष्टि के लिए।

iv-. काव्यांश का संदेश क्या है?
(क) निरंतर प्रयत्नशील रहने वाले सफलता पा लेते हैं। (ख) परिश्रम करो।
(ग) एक बार प्रयत्न करना चाहिए। (घ) इनमें से कोई नहीं।

**प्रश्न 3 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दें -**
**क-निम्नलिखित रेखांकित शब्दों मे विशेषण भेद बताएँ - 1**
**i-** रोली **बुद्धिमान** है ।
-..................................

ii- मुझे **पाँच किलो** चावल चाहिए । ......................................................................

**ग) रेखांकित शब्दों मे कारक भेद लिखें - 1**
**i-** मिठाईवाले ने **बच्चों को** मिठाई दी। ......................................................

ii- पक्षी **<u>पेड़ से</u>** उड़ गया।

----------------------------------------

**घ ) सन्धि विच्छेद करें -** **1**

i- देवालय ........................+...............................,

ii- नायक--------------------+...........................

**ङ ) निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग और प्रत्यय छाँटकर लिखें -** **1**

i- **आकुल** शब्द मे उपसर्ग है ......................................

ii- **पढ़ता** शब्द मे .प्रत्यय है ------------------------------------

**च-निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें -** **1**

i- एड़ी चोटी एक करना ।

----------------------------------------------

ii- नाक कटना।

-------------------------------------------------

**प्रश्न 4 -किसी एक विषय पर अपने विचार लिखें - (80-100 शब्दों मे )** **3**

क- मेरे विद्यालय का रोमांचक शिविर ख- पुस्कालय का महत्त्व

ग- महाकुंभ घ-यदि मै कक्षा का अनुशासन प्रमुख होता ।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 5-किसी एक विषय पर  पत्र लिखें - (80-100 शब्दों मे ) -** **3**

बीमारी के कारण दो दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखें ।

अथवा

समय का महत्त्व बताते हुए छोटी बहन को पत्र लिखें ।

--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------

## खण्ड-ख (साहित्य)

**प्रश्न 6- पठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें-** **4**

आजमगढ़ की ओर जाने का उनका उद्देश्य था-इलाहाबाद एवं बनारस पर आक्रमण कर शत्रुओं को पराजित करना और अंततः जगदीशपुर पर अधिकार करना। अंग्रेज़ों और कुँवर सिंह की सेना के बीच घमासान युद्ध हुआ। उन्होंने 22 मार्च 1858 को आज़मगढ़ पर कब्ज़ा कर लिया। अंग्रेज़ों ने दोबारा आज़मगढ़ पर आक्रमण किया। कुँवर सिंह ने एक बार फिर आज़मगढ़ में अंग्रेज़ों को हराया। इस प्रकार अंग्रेज़ी सेना को परास्त कर वीर कुँवर सिंह 23 अप्रैल 1858 को स्वाधीनता की विजय पताका फहराते हुए जगदीशपुर पहुँच गए।

क) वीर कुंवर सिंह का आज़मगढ़ की ओर बढ़ने का क्या उद्देश्य था?

--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------

ख) पहली बार वीर कुंवर सिंह ने आजमगढ़ पर कब्ज़ा कब किया व इस हेतु किसे परास्त किया?

--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------

ग) जगदीशपुर में स्वाधीनता की विजय पताका कब फहराई गई?

--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------

घ) कुँवर सिंह ने एक बार फिर किसको और कहाँ हराया था?

--------------------------------------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 7-पठित काव्यांश के आधार पर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-** **4**

बरसे बदरिया सावन की।
सावन की, मन-भावन की।।

सावन में उमग्यो मेरो मनवा, भनक सुनी हरि आवन की।
उमड़-घुमड़ चहुँदिस से आया, दामिन दमकै झर लावन की।।
नन्हीं-नन्हीं बूँदन मेहा बरसे, शीतल पवन सुहावन की।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर! आनंद-मंगल गावन की।।

क ) मीरा श्री कृष्ण के आने की आहट पाकर क्या करती हैं ?

.......................................................................................................................................................................

ख ) कविता और कवयित्री का नाम लिखें

.......................................................................................................................................................................

ग ) इस काव्यांश मे किस ऋतु का वर्णन है?

.......................................................................................................................................................................

घ ) अर्थ लिखें - चहुँदिस---------- दामिन ----------

**प्रश्न 8 अति लघूत्तरीय निम्नलिखित प्रश्नों मे सही /उत्तर लिखें - 3**

1) कुब्जा का स्वभाव बहुत अच्छा था। सही/गलत…………………..

2) इडली, डोसा,सांभर केवल दक्षिण भारत तक सीमित है । सही /गलत --------------------

3) धनराज पिल्लै ने अपने जीवन मे सब कुछ बिना संघर्ष के प्राप्त किया था। सही/गलत ................

4) ऐंठ बेचारी दबे पाँव नहीं भागी । सही/ गलत ..............

5) धनराज पिल्लै की माँ ने धनराज को विनम्र रहने की सीख दी । सही/गलत................

6) राधा और नीलकंठ मे दोस्ती नही था । सही/गलत ……. …

**प्रश्न 9-लघूत्तरीय प्रश्न 3**

क) कवि की आँख तिनका चले जाने पर लोगों ने क्या किया? ।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

ख) 'एक तिनका' कविता से हमें क्या संदेश मिलता है ?

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

ग) -स्थानीय व्यंजन का आशय बताते हुए कुछ स्थानीय व्यंजनो के नाम लिखें ।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 10- दीर्घ उत्तरीय प्रश्न - तीनों प्रश्नों के उत्तर दें ।** **2+2+2**

क) - 'खानपान की बदलती तसवीर' पाठ के लेखक कौन हैं तथा खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है?

---

---

---

---

ख) विदेशियों ने नीलकंठ को क्या उपाधि दी थी तथा नीलकंठ अपने चिड़ियाघर के जीव-जंतुओं के लिए क्या कार्य करता था?

---

---

---

---

ग) धनराज पिल्लै का बचपन कैसा था तथा धनराज के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है?

---

---

---

---

## संस्कृत खण्ड

**प्रश्न 11- निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें-** 2

**आपणम्** ………………………..अध: ………………….…,

बहि: ………………… बुभक्षितः ………………

**प्रश्न12- रिक्त स्थान की पूर्ति करें-**

**दुर्बलानाम् बलम् ………………,बालानाम् ……………… बलम् ।** **1**

प्रश्न 13- **कोष्ठक मे से के उचित रूप भरें ।** **1/2**

**क-** अध्यापक: ……………… पठति। (पुस्तक/ पुस्तकम्)

ख- अतिलोभ----------------------(विनाशाय/विनाशम्) **1/2**

**प्रश्न14 -हिन्दी अनुवाद करें-** 3

अ) छात्रा अध्यापिकाम् नमति ।…………………………………………………………………।

ब) अहम् कन्दुकेन क्रीडामि। ……………………………………………………..………।

स) मार्गे एका नदी आसीत्।…………………………………………………..……..।

**प्रश्न 15)-संस्कृतमें अनुवाद करें-** 3

अ) मोहन पुस्तक पढ़ता है।…………………………..…………………………..……………।

ब) मै रथ से जाता हूँ ।……………………………………………………………………..।

स) मै सुबह पिता जी को प्रणाम करता हूँ।……………………………………..………………।